भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 572
जिसका उत्तर दिनांक 10 दिसम्बर, 2013 को दिया जाना है

तमिलनाडु में विद्युत संयंत्र पाईप यूनिट

572. श्री तरुण विजय :

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने हाल ही में तमिलनाडु में एक विद्युत संयंत्र पाईपिंग इकाई स्थापित की है;

(ख) यदि हां, तो इसकी अनुमानित लागत, क्षमता इत्यादि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस नए संयंत्र का प्रयोजन और रोजगार उत्पन्न करना तथा क्षेत्र का आर्थिक विकास करना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) परियोजना के प्रस्तावित विस्तार का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) जी, हां। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले में तिरुमयम में पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट स्थापित की है, जिसे दिनांक 02.08.2013 को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित कर दिया गया था।

(ख),(ग) और (घ) : बीएचईएल की पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट को 300 करोड रुपए की स्वीकृत लागत से मुख्यतः विद्युत संयंत्रों और प्रक्रिया उद्योगों के लिए पाइपिंग की आवश्यकता को पूरा करने और 80,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष सुपुर्दगी क्षमता/ योग्यता के साथ स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त, लगभग 3000 व्यक्तियों के लिए सहायक उद्योगों/सेवाओं सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार तथा यूनिट के समीप और पास के क्षेत्रों में सामान्य सुधार जैसे अन्य लाभ भी प्राप्त होंगे।

(ड़.) फिलहाल, बीएचईएल में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।